एक नजर में

मालवा मीडिया फेस्ट का आयोजन कल से

रतलाम। मालवा मीडिया फेस्ट के सांस्कृतिक महाकुंभ का आयोजन 9 जनवरी से प्रारंभ होगा। तीन दिवसीय उत्सव में विभिन्न कार्यक्रम होंगे। रील मेकिंग और पारंपरिक फैशन शो जैसी कई रोमांचक प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी। सक्षम संचार फाउंडेशन अर्चना शर्मा, अदिति दवेसर एवं डॉक्टर प्रवीणा दवेसर ने दी। उजाला पैलेस में 9 जनवरी को पद्मश्री प्रह्लाद टिपानिया अपनी प्रस्तुति देंगे। इसके अतिरिक्त, संविधान पर एक प्रदर्शनी और काकोरी कांड पर एक वृत्तचित्र (डॉक्यूमेंट्री) का प्रदर्शन भी किया जाएगा। कार्यक्रम में कई अन्य रोचक आयोजन भी होंगे, जिनमें भारत की पहली महिला स्वतंत्रता सेनानी रानी अबक्का पर एक नाटक, आदि शंकराचार्य पर संगीतमय कथा और नेशनल बुक ट्रस्ट के अधिकारियों द्वारा पुस्तकों के ई-डिजिटलीकरण पर विशेष सत्र शामिल हैं। यह आयोजन केवल एक मीडिया समागम नहीं, बल्कि हमारी सनातन संस्कृति, राष्ट्रभक्ति और मालवा की समृद्ध विरासत का उत्सव है। इस तीन दिवसीय महोत्सव का उद्देश्य युवाओं को न केवल आधुनिक तकनीक से जोड़ना है, बल्कि उन्हें अपनी जड़ों और सांस्कृतिक मूल्यों से भी परिचित कराना है।

नगर निगम को मिला नया मोक्ष वाहन

रतलाम। कमिश्नर नगर निगम रतलाम अनिल भाना ने बताया कि महापौर एवं निगम परिषद की स्वीकृति से नगर पालिक निगम रतलाम के वाहन बेड़े में 30 वर्ष पुराने मोक्ष वाहन (शव वाहन) के स्थान पर नया मोक्ष वाहन शामिल किया गया है। नवीन मोक्ष वाहन रतलाम शहरवासियों को नि:शुल्क सेवा के रूप में उपलब्ध कराया जाएगा। वाहन की आवश्यकता होने पर नगर निगम के कंट्रोल रूम नंबर 07412-270563 पर संपर्क किया जा सकता है।

कथा में प्रकट हुआ विश्वास और प्रभु-कृपा का अद्भुत संगम

रतलाम। कस्तूरबा नगर, गली नंबर 6 स्थित बगीचे में मनीषा-मनोज शर्मा मित्र मंडल द्वारा आयोजित नानी बाई का मायरा कथा के द्वितीय दिवस बुधवार, को श्रद्धा और भक्ति के भाव से सम्पन्न हुआ। कथा के द्वितीय दिवस में नानी बाई की अटूट आस्था, विश्वास और भगवान श्रीकृष्ण की कृपा का मार्मिक वर्णन सुनकर श्रोता भावविभोर हो उठे। कार्यक्रम के आरंभ में पोथी पूजन का आयोजन किया गया, जिसमें सर्व ब्राह्मण महासभा, सर्व ब्राह्मण महासभा महिला मंडल, बार एसोसिएशन एवं प्रॉपर्टी एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने सहभागिता की। इस अवसर पर आयोजक श्रीमती मनीषा शर्मा एवं मनोज शर्मा का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया। अतिथियों ने भी आयोजकों का सम्मान करते हुए आयोजन की सराहना की। कथावाचक अनिरुद्ध मुरारी ने द्वितीय दिवस की कथा में कहा कि नानी बाई का मायरा केवल एक लोककथा नहीं, बल्कि भगवान श्रीकृष्ण पर अडिग विश्वास की जीवंत मिसाल है। कथा में वर्णन किया गया कि नानी बाई मायरा लेकर अपनी पुत्री के ससुराल की ओर बिना धन, वस्त्र और आभूषण के निकल पड़ती हैं। उनके पास केवल एक दृढ़ विश्वास होता है कि उनके मायरे का भार अब गिरधर गोपाल स्वयं उठाएंगे। कथा में बताया गया कि मार्ग में समाज द्वारा किए गए उपहास और प्रश्नों के बावजूद नानी बाई का विश्वास डगमगाता नहीं। वे हर प्रश्न के उत्तर में मुस्कुराकर कहती हैं— 'मेरा मायरा तो मेरा भाई श्याम भरेंगे।' द्वितीय दिवस की कथा में प्रभु की गुप्त लीलाओं के संकेत भी मिलते हैं, जब यात्रा के दौरान नानी बाई को अदृश्य सहारा मिलता है और यह स्पष्ट होता है कि भगवान हर कदम पर भक्त के साथ हैं। श्री मुरारी ने कहा कि द्वितीय दिवस का संदेश यही है कि जब भक्त पूर्ण समर्पण भाव से प्रभु पर भरोसा करता है, तब असंभव भी संभव हो जाता है और भगवान स्वयं व्यवस्था करते हैं। कथा के दौरान श्री मुरारी द्वारा प्रस्तुत सुमधुर भजनों पर महिलाओं एवं पुरुषों ने भक्ति भाव से नृत्य किया। अंत में आरती का आयोजन किया गया, जिसमें पूर्व गृहमंत्री हिम्मत कोठारी, निगम अध्यक्ष मनीषा-मनोज शर्मा सहित मित्र मंडल के सदस्यों ने सहभागिता की। कथा संयोजक श्रीमती मनीषा शर्मा ने बताया कि नानी बाई का मायरा प्रतिदिन दोपहर 12:30 बजे से प्रारंभ होता है। उन्होंने धर्मप्रेमी जनता से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कथा श्रवण कर धर्म लाभ प्राप्त करने का अनुरोध किया।

ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर ने सबका ध्यान खींचा

रतलाम . ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर ने जयपुर में अपनी रफ्तार बढ़ाई और हाई फैशन और मोटरस्पोर्ट को एक साथ लाकर फैशन का नेक्स्ट मूव दिखाया, डिजाइनर नम्रता जोशीपुरा और अभिषेक पाटनी ने रेसिंग से प्रेरित बोल्ड सिल्हूट्स के जरिए मोटरकोर के सौंदर्यशास्त्र को नया रूप दिया, जबकि बॉलीवुड स्टार हरनाज़ संधू ने शोस्टॉपर बनकर समापन समारोह की शोभा बढ़ाई. शो की रात का समापन रफ्तार के धमाकेदार प्रदर्शन के साथ हुआ.



लापरवाही पर आलोट विकासखंड शिक्षा अधिकारी को नोटिस

नवभारत न्यूज

रतलाम/आलोट। निशुल्क पाठ्यपुस्तक वितरण का हिसाब नहीं रखने पर जिले के आलोट विकासखण्ड अधिकारी को नोटिस जारी किया जा रहा हैं। उनको कार्य में अनदेखी और लापरवाही करने पर यह कार्रवाई की जा रही हैं।

निशुल्क पाठ्यपुस्तक वितरण का नहीं रखा हिसाब

कलेक्टर मिशा सिंह की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग, एवं जनजातीय कार्य विभाग द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रमों और योजनाओं की समीक्षा बैठक बुधवार को कलेक्टर सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में निशुल्क पाठ्यपुस्तक वितरण के मामले में 9वीं से 12 वीं के बच्चों का डाटा नहीं होने के कारण असंतोष व्यक्त करते हुए विकासखंड शिक्षा अधिकारी आलोट को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए।

साइकिल वितरण का स्कूल के प्रिंसिपल से वेरिफिकेशन करवाने तथा विकास खंडवार डाटा प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने सभी बच्चों का ऑनलाइन पंजीयन करने के निर्देश दिए उन्होंने कहा कि जो बच्चे बीच में अध्ययन छोड़ देते हैं उन्हें ब्रिज कोर्स कराकर शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ा जाए। ऑनलाइन पंजीयन एवं अपडेशन संबंधी सभी कार्य एक सप्ताह की समय सीमा में पूर्ण किया जाए। गणवेश वितरण कार्य का वेरिफिकेशन कराया जाए।

बैठक में कलेक्टर ने निर्देशित किया कि शिक्षा विभाग के अधिकारी शीत लहर को दृष्टिगत रखते हुए स्कूलों के संचालन के समय में पहल करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश जारी करें। अत्यधिक ठंड होने की स्थिति में स्कूलों का संचालन का समय परिवर्तित कराया जाए। बैठक के दौरान शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि रतलाम जिले की प्रदेश स्तर पर राज्य छात्रवृत्ति के मामले में 12वीं रैंक, एमपी टॉस के मामले में 24 वी रैंक, अपार आईडी बनाने में 11वीं रैंक, परीक्षा पर चर्चा पंजीयन मामले में 23 वी रैंक है। कलेक्टर ने सभी प्रकार के लंबित मामलों में आधार कार्ड, समग्र आईडी एवं जाति प्रमाण पत्र की ऑनलाइन प्रविष्टि के आंकड़ों में शुद्धता लाकर विद्यार्थियों के अकाउंट अप टू डेट करने निर्देश दिए। विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति एवं अन्य हित लाभ मिल सके ,इसके लिए उन्होंने मामलों की लाइन लिस्टिंग करके राजस्व अधिकारियों से समन्वय कर डाटा अपडेट करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम में प्रगति लाने के लिए 10 दिवस की समय सीमा निर्धारित की गई।

सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्रीमती रंजना सिंह ने सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना, महर्षि वाल्मीकि योजना, साइकिल प्रदाय योजना तथा प्रतिभा योजना, छात्रवृत्ति भुगतान हेतु ई केवाईसी की जानकारी प्रस्तुत की। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि जिन कार्यक्रमों के संबंध में बजट को लेकर समस्या हो उस विषय में राज्य स्तरीय अधिकारियों से चर्चा कराई जाए। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि सभी छात्रावासों में निरीक्षण करते हुए आवश्यकता अनुसार लाइट, भोजन की गुणवत्ता, राशन की गुणवत्ता, हाइजीन एवं सेनिटेशन, आवश्यकता अनुसार पुताई आदि व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें ताकि विद्यार्थियों को परेशानी ना हो, बैठक में सी एम राइज स्कूलों में छात्रवृत्ति, भवन निर्माण कार्य की जानकारी, धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान, पीएम जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान आदि के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रस्तुत की गई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत सुश्री वैशाली जैन, डीईओ श्रीमती अनीता सागर तथा जितेंद्र जोशी सहित संबंधित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

जर्जर भवनों की सूची तैयार की जाए

कलेक्टर ने निर्देशित किया कि फरवरी माह के अंत तक जिले में शिक्षा विभाग से संबंधी जर्जर भवनों की सूची तैयार की जाए। पीडब्लू डी से समन्वय स्थापित कर डिस्मेंटल की कार्रवाई कर जर्जर भवनों को गिराया जाए। उन्होंने कहा कि जहां स्कूल शिक्षा विभाग के भवन रिक्त हो उनकी भी जानकारी प्रस्तुत की जाए ताकि अन्य विभाग को भवन आवंटित किए जा सके। बैठक में पीएम श्री स्कूल, लैपटॉप वितरण भुगतान राशि, आदि की विस्तार से समीक्षा की गई।

कांग्रेस ने की मंत्री विजयवर्गीय के त्यागपत्र की मांग

नवभारत न्यूज

सैलाना। पूर्व विधायक व जिला कांग्रेस अध्यक्ष हर्ष विजय गेहलोत के नेतृत्व में विशाल वाहन रैली निकाल कर प्रदेश सरकार के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा पत्रकारों से बेहूदगी पूर्ण भाषा का उपयोग किए जाने का विरोध प्रकट करते हुए त्यागपत्र की मांग की।

पुरानी नगर पालिका से निकली इस विशाल रैली के पूर्व जिलाध्यक्ष हर्ष विजय गेहलोत ने कहा की मप्र के इन्दौर शहर में दूषित पानी पीने से 20 लोगो की मौत असमाइयक मौत एवं 1500 से अधिक लोग बीमार होकर अभी भी विभिन्न हॉस्पिटल में जीवन मृत्यु से संघर्ष कर रहे हैं। ऐसी दुखद स्थिति में नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने पत्रकारों के सवालो से बचते हुए अशोभनिय टिप्पणी की गई। जिसका कांग्रेस द्वारा पूरे प्रदेश में विरोध किया जा रहा हैं। विरोध स्वरूप निकाली गई यह वाहन रैली पुरानी नगर पालिका, शेखजी का मोहल्ला, राजवाड़ा चौक, सदर बाजार, बस स्टेंड होते हुए घंटाघर चौराहा पहुंची यहां कार्यकर्ताओं ने घंटा मंत्री त्याग पत्र दो, कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद के नारे लगाते हुए घंटाघर स्थित घंटा बजाने के लिए ऊपर जाने लगे इस बात पर पुलिस अधिकारियों द्वारा ऊपर जाने से रोकने के दौरान झड़प भी हुई। इस अवसर पर सैलाना ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश डिंडोर, पूर्व मंडी अध्यक्ष शेखर गेहलोत, न प परिषद अध्यक्ष चेतन्य शुक्ला, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष जगदीश पाटीदार, श्री राम चौधरी, युवा कांग्रेस नेता हनी गेहलोत, पार्षद मंगलेश कसेरा, रामप्रसाद चंदेल गोपाल काग, राजेश पाटीदार, हेमंत कुमावत, किशोर पाटीदार, अब्दुल कादिर मंसूरी बाजना, कांतिलाल काग, इरफान खान, दिनेश सोनी, महेश सांवरिया, गिरधारी लाल पाटीदार देवेंद्र सोलंकी, ईश्वर पाटीदार, जानकी दास बैरागी, राजेश पाटीदार शंकर डिंडोर जनपद सदस्य मांगीलाल जनपद सदस्य ओंकार भाई वजेसिंह सरपंच मोहित डामोर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता साथ थे।

70 वर्षीय महिला घर का रास्ता भटकी, डायल-112 जवानों ने परिजन से मिलाया

नवभारत न्यूज

आलोट। पुलिस ने एक वृद्ध महिला को परिजनों से मिलाया। महिला भटक गई थी। जिसकी जानकारी मिलने पर पुलिस जवान ने पहुंचकर परिजनों से मिलाया।

थाना क्षेत्र के कारगिल चौराहा के पास में एक 70 वर्षीय वृद्ध महिला मिली हैं जो घर की राह भटक गयी हैं, पुलिस सहायता की आवश्यकता है। सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112 भोपाल में 6 जनवरी 2026 को रात्रि 9:40 बजे प्राप्त हुई। सूचना प्राप्ति पर तत्काल आलोट थाना क्षेत्र में तैनात डायल-112 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया। डायल-112 स्टाफ आरक्षक दीपक माली एवं पायलेट पवन बघेल ने मौके पर पहुँचकर बताया कि एक 70 वर्षीय वृद्ध महिला घर का रास्ता भटक गयी थी, डायल-112 जवानों द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए पीड़ित वृद्ध महिला को एफ.आर.व्ही से साथ लेकर आस-पास जानकारी लेने पर पता चला कि महिला ग्राम भोज खेड़ी जिला रतलाम की रहने वाली है, डायल-112 जवानों द्वारा वृद्ध महिला को एफआरव्ही वाहन से लेकर उनके घर गए।

सत्यापन के बाद परिजनों के सुर्पूद किया: पुलिस ने जानकारी में पता चला कि महिला ग्राम भोज खेड़ी जिला रतलाम की रहने वाली है, डायल-112 जवानों द्वारा वृद्ध महिला को एफआरव्ही वाहन से लेकर उनके घर गए। जहाँ उनके परिजन तलाश करते हुए मिले, जिन्हे वृद्ध महिला द्वारा पहचान व सत्यापन उपरांत परिजन के सुपुर्द किया। वृद्ध महिला के परिजन ने सहायता के लिए डायल- 112 सेवा की प्रशंसा और पुलिस स्टाफ आभार व्यक्त किया।

आयुक्त नगर पालिका निगम नोडल अधिकारी नियुक्त

रतलाम। लोकतंत्र के लोक उत्सव भारत पर्व के आयोजन हेतु आयुक्त नगर पालिका निगम नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया हैं। जानकारी के अनुसार प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी लोकतंत्र का लोक उत्सव 'भारत पर्व' का आयोजन आगामी 26 जनवरी 2026, गणतंत्र दिवस की संध्या को जिला मुख्यालयों पर संस्कृति विभाग द्वारा जनसम्पर्क विभाग तथा जिला प्रशासन के सहयोग से आयोजित किया जाएगा। लोक उत्सव पर्व का आयोजन एवं स्थानीय व्यवस्थाओं के लिए आयुक्त नगर पालिका निगम रतलाम अनिल भाना को अपर कलेक्टर डॉ शालिनी श्रीवास्तव द्वारा नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी लोकतंत्र का लोक उत्सव 'भारत पर्व' का आयोजन आगामी 26 जनवरी 2026, गणतंत्र दिवस की संध्या पर होगा।

स्वदेशी उत्पादित दवाई एवं उपकरण से इलाज संभव है : डॉ बेन

नवभारत न्यूज

रतलाम। सेंट्रल गवर्नमेंट एवं रेलवे पेंशनर्स एसोसिएशन तथा ऑल इंडिया रेलवे पेंशनर्स वेलफेयर फेडरेशन रतलाम मंडल के वर्ष 2026 की प्रथम बैठक पेंशनरों के स्वास्थ्य संगोष्ठि को लेकर दो बत्ती स्थित एक निजी होटल में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर राजेश कुमार बेन एवं डॉ अमित शाह के मुख्य अतिथि में संपन्न हुई। मुख्य अतिथि डॉक्टर बेन संबोधित करते हुए कहा कि स्वदेशी उत्पादित चाहे वह दवाई हो या उपकरण हो दोनों ही मरीज के लिए लाभदायक है, हम ज्यादा महंगी दवाइयां की और आकर्षित न हो सभी दवाईयों में इलाज संभव है। आपने भारत सरकार के दिशा निर्देशों के अनुसार जो सुविधा इलाज के लिए प्रदान की गई है चाहे वह निजी अस्पताल हो या कांटेक्ट हॉस्पिटल हो उन पर विस्तार से प्रकाश डाला। आपने सुविधाओं पर चर्चा करते हुए बताया कि आप अगर अचानक घर में गिर जाते हैं तथा कोई फैक्चर जैसी या अन्य कोई गंभीर बीमारी हो तो आप सीधे कांटेक्ट अस्पताल में जाकर अपना इलाज करवा सकते हैं जो एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। हमारा प्रयास है कि हम छोटे-छोटे स्टेशनों के आसपास निजी अस्पतालों से कांटेक्ट करें जिससे ज्यादा से ज्यादा सुविधा प्राप्त हो सके जिससे समय की बचत होगी और मरीज परेशान भी नहीं होगा। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉक्टर अमित शाह ने संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान युग नई-नई टेक्नोलॉजी का है और मेडिकल में रोबोट सर्जरी एक बहुत बड़ी उपलब्धि आई है हमारे यहां इससे ऑपरेशन किये जा रहे हैं तथा हर प्रकार का इलाज हमारे यहां उपलब्ध है हमारा आज रेलवे से कांटेक्ट हुआ है और हमारा प्रयास होगा कि मरीज स्वस्थ होकर अस्पताल से जाएं। कार्यक्रम के दौरान सेवानिवृत्ति रेलकर्मी अधिकारी सहायक मंडल यांत्रिक इंजीनियर अरशद अली सिद्दीकी सहित रेलकर्मी महेंद्र सिंघई, जोसेफ जे, कृष्णस्वरूप शर्मा, सुनील कुमार अग्निहोत्री, आर डी चौधरी, सुरेश दिवाकर को स्वागत कर सदस्यता प्रदान की। वरिष्ठ सलाहकार कामरेड आईएल पुरोहित, मनोहर पचौरी, सतीश राठौर, एमए खान, शैलेंद्र सक्सेना, प्रेमलता जैन, जया शर्मा, संतोष कुमार सोनी ,अतीक रेहमान, दिनेश जायसवाल, सुबोध गुमास्ते, अशोक दीक्षित, बालकृष्ण तिवारी, भागचंद सबनानी, पी के गौतम ,अरुण वाडकर, सुषमा गहलोत, अल्का खोंड़ , दिनेश यादव, यू एल जायसवाल, सुधीरकांत दुबे, इलेन सैमसन आदि उपस्थित थे।संचालन संगठन के अध्यक्ष प्रकाश चंद्र व्यास व आभार कम्युनिकेशन सेक्रेटरी देवेंद्र वर्मा ने माना।

रतलाम मंडल के पेंशनरों के लिए स्वास्थ्य संगोष्ठी आयोजित

चाइनीज मांझा प्रतिबंध को लेकर पुलिस का जागरूकता अभियान, हाट रोड चौकी में आमजन को दी समझाइश

रतलाम। पुलिस द्वारा जिले में चाइनीज मांझे के विक्रय, भंडारण एवं उपयोग पर प्रतिबंध के संबंध में आमजन को निरंतर जागरूक किया जा रहा है।एसपी अमित कुमार के निर्देशन में बुधवार को हाट की चौकी पर आमजनों को समझाई दी गई।

एएसपी राकेश खाखा द्वारा थाना डीडी नगर अंतर्गत हाट रोड चौकी परिसर में उपस्थित आम नागरिकों को चाइनीज मांझे के उपयोग से होने वाले गंभीर दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर लोगों को पतंग उड़ाने के लिए चाइनीज मांझे का उपयोग न करने तथा केवल साधारण सूती (कॉटन) डोर के प्रयोग की समझाइश दी गई।

श्री खाखा द्वारा स्पष्ट रूप से बताया गया कि चाइनीज मांझे का विक्रय, भंडारण एवं उपयोग पूर्णत: प्रतिबंधित एवं दंडनीय अपराध है। प्रतिबंध का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति अथवा व्यापारी के विरुद्ध कड़ी वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने चाइनीज मांझे से दोपहिया वाहन चालकों, राहगीरों, बच्चों एवं पक्षियों को होने वाले जानलेवा खतरों की जानकारी देते हुए नागरिकों से सहयोग की अपील की। इस जागरूकता कार्यक्रम के दौरान नगर पुलिस अधीक्षक रतलाम सत्येंद्र घनघोरिया, थाना प्रभारी डीडी नगर उप निरीक्षक अनुराग यादव, चौकी प्रभारी हाट रोड पंकज राजपूत, चौकी स्टाफ एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। रतलाम पुलिस का उद्देश्य किसी पर कार्रवाई करना नहीं, बल्कि दुर्घटनाओं की रोकथाम कर मानव जीवन, बच्चों, पक्षियों एवं सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। आमजन के सहयोग से ही चाइनीज मांझा प्रतिबंध को प्रभावी बनाया जा सकता है।

आज से होगी श्रीमद् भागवत कथा

जावरा। श्री गीता भवन ट्रस्ट, जावरा के तत्वावधान में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्री गीता जंयति महोत्सव के तहत सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन गुरुवार से प्रारंभ हो रहा हैं। श्रीमद् भागवत ज्ञान गंगा महोत्सव का भव्य आयोजन श्री गीता भवन प्रांगण पर किया जा रहा हैं। कथा का समापन 14 जनवरी को होगा। जिसमें प्रतिदिन दोपहर 12 से शाम 4 बजे कथा होगी। जिसमें प्रसिद्ध कथावाचक पं.भीमाशंकर शर्मा शास्त्री (धारियाखेड़ी वाले) के श्रीमुख से भागवत कथा का रसपान श्रद्धालुओं को कराया जाएगा। प्रतिदिन कथा विराम पर आरती उतारी जाएगी, आरती के बाद प्रसादी का वितरण किया जाएगा। कथा को लेकर तैयारियां लगभग पूर्ण हो चुकी हैं। जिसका जायजा बुधवार को ट्रस्ट अध्यक्ष एवं विधायक डॉ राजेन्द्र पाण्डेय ने ट्रस्टियों के साथ मिला। गीता भवन ट्रस्ट के संरक्षक देवीशरण शर्मा, चिमनलाल गर्ग, परामर्शदाता डॉ सीएम वर्मा, डॉ आरएन मंडवारिया, उपाध्यक्ष कैलाशनारायण विजयवर्गीय, हरिनारायण अरोड़ा, ट्रस्ट सचिव अशोक सेठिया, सह सचिव राजेन्द्र श्रोत्रिय, प्रचार मंत्री मोहन पटेल के साथ ट्रस्टी प्रकाश मेहरा आदि।

91 सदस्यों ने सम्मेद शिखरजी के साथ विभिन्न धार्मिक स्थलों के किए दर्शन वंदन

जावरा। मुख्यत: जैन धर्म के सम्मेद शिखरजी का महत्व आध्यात्मिक शुद्धि, पाप-नाश, मोक्ष प्राप्ति, आत्म-चिंतन और धैर्य-दृढ़ता के विकास में है, जहाँ 22 तीर्थंकरों की भूमि पर कठिन चढ़ाई और दर्शन से व्यक्ति सांसारिक इच्छाओं से ऊपर उठकर आध्यात्मिक कल्याण पर ध्यान केंद्रित करता है, जिससे आध्यात्मिक ज्ञान प्राप्त होता है और जीवन-मृत्यु के चक्र से मुक्ति मिलती है।

शिखर यात्रा के प्रमुख महत्व मोक्ष और आध्यात्मिक उन्नति हैं। यह जैन धर्मावलंबियों के लिए सबसे महत्वपूर्ण तीर्थयात्राओं में से एक है, जिससे मोक्ष का मार्ग प्रशस्त होता है और जन्म-कर्म के बंधनों से मुक्ति मिलती है। पाप-नाश व शास्त्रों के अनुसार, शिखर दर्शन मात्र से शिखर दर्शनम् पाप नाशम् पापों का नाश होता है, जिससे व्यक्ति शुद्ध होता है। इस यात्रा में 24 में से, 22 तीर्थंकरों भगवान पार्श्वनाथ, चंद्रास्वामी से की पावन भूमि पर उनके दर्शन और वंदना से कर्मों का क्षय होता है। 27 किलोमीटर की पैदल चढ़ाई शारीरिक और मानसिक सहनशक्ति की परीक्षा लेती है, जिससे धैर्य, दृढ़ता और विनम्रता जैसे गुण विकसित होते हैं। ऐसे महान तीर्थ के साथ दर्शन वंदन का लाभ जैन सोश्यल ग्रुप मैत्री परिवार के 91 सदस्यों ने लिया है साथ ही मैत्री परिवार के 12 दिवसीय के दौरान भगवान महावीर स्वामी की निर्वाण स्थली पावापुरी के साथ लक्षवाड, ऋजुबालिका, गुणीयाजी, ज्योतिर्लिंग बैजनाथ महादेव, कृष्ण वासुकि महादेव, विरायतन, राजगीरी बोद्ध गया के साथ विभिन्न धार्मिक स्थलों के दर्शन वंदन कर सेवा पुजा कर देश प्रदेश जावरा नगर के खुशहाली की कामना की। जैन सोश्यल ग्रुप जावरा मेत्री परिवार कि इस धार्मिक यात्रा में ग्रुप के अध्यक्ष राजेश पोखरना के साथ पुर्वाध्यक्ष द्वय संदीप रांका, पंकज काठेंड, राजीव लुक्कड के साथ सचिव शशांक मेहता, कोषाध्यक्ष संदीप दसेडा के साथ यात्रा संयोजक डॉ ऋषि मेहता, शरद डुंगरवाल, संदीप आंचलिया के साथ ग्रुप के दंपति साथियों ने यात्रा का लाभ लिया।

शिविर | **यातायात सप्ताह अंतर्गत सेवा आपके द्वार अभियान के तहत हुआ आयोजन**

ऑटो रिक्शा चालकों के लिए नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित

नवभारत न्यूज

जावरा। यातायात सप्ताह के अवसर पर यातायात पुलिस विभाग के तत्वावधान में सेवा आपके द्वार अभियान के अंतर्गत लायंस क्लब जावरा एवं संजीवनी फाउंडेशन जावरा के संयुक्त माध्यम से ऑटो रिक्शा चालकों एवं अन्य वाहन चालकों के लिए नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में युवराजसिंह (सीएसपी) एवं मोनिका चौहान (यातायात सूबेदार) की गरिमामयी उपस्थिति रही।

शिविर की अध्यक्षता संस्था अध्यक्ष यश जैन एडवोकेट ने की। कार्यक्रम के प्रारंभ में संस्था अध्यक्ष यश जैन एडवोकेट द्वारा यातायात सूबेदार मोनिका चौहान का पुष्पमालाओं से स्वागत किया गया, तत्पश्चात यातायात पुलिस विभाग द्वारा समस्त अतिथियों का अभिनंदन किया गया। अपने उद्बोधन में अध्यक्ष यश जैन एडवोकेट ने कहा, ऑटो रिक्शा एवं वाहन चालक हमारे शहर की जीवनरेखा हैं। आपकी सजग दृष्टि ही न केवल आपकी आजीविका का आधार है, बल्कि यात्रियों की सुरक्षा की भी गारंटी है। नियमित नेत्र परीक्षण एवं स्वास्थ्य जाँच से दुर्घटनाओं की संभावना कम होती है। इसलिए समय-समय पर नेत्र व स्वास्थ्य परीक्षण कराना प्रत्येक चालक का कर्तव्य है।

यातायात एवं जीवन रक्षा का संदेश यातायात सूबेदार मोनिका चौहान ने उपस्थित चालकों को यातायात नियमों, नेत्र सुरक्षा एवं जीवन रक्षा के महत्व की जानकारी दी। उन्होंने सीपीआर के माध्यम से आपातकालीन स्थिति में किसी व्यक्ति की जान कैसे बचाई जा सकती है, इसका प्रैक्टिकल प्रदर्शन पुतले पर कर समझाया।

यह रहे मौजूद

इस प्रशिक्षण में उपस्थित चालकों ने सक्रिय सहभागिता करते हुए गोल्डन आवर के सदुपयोग से जीवन रक्षा का महत्वपूर्ण पाठ सीखा। नि:शुल्क शिविर में पुलिस यातायात विभाग से समरथमल, जयंती पाटीदार, यातायात संगठन अध्यक्ष अयूब भाई, राहुल राठौड़, कन्हैयालाल, तिलक, विनोद, प्रकाश मेहता सहित बड़ी संख्या में ऑटो रिक्शा चालक एवं अन्य वाहन चालक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य चालकों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं सुरक्षित यातायात को प्रोत्साहित करना रहा, जिसे उपस्थितजनों ने सराहा।